C M Y K

रायगढ़, शुक्रवार
13.4.2018
पृष्ठ 8, मूल्य 3

साप्ताहिक
न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

आवश्यक सूचना
आप सभी को सुचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी - अधिकार से न्याय तक जल्द दैनिक हो रहा है। जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

अंतर्राष्ट्रीय खबर....

उड़ते विमान के पैसेंजर एरिया से निकलने लगा धुआं, यात्रियों में दहशत

नईदिल्ली ,12 अप्रैल (आरएनएस)। स्पाइसजेट के विमान से जुड़ा एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है जिसने यात्रियों की सांसे थाम दी. मिली जानकारी के मुताबिक, स्पाइसजेट के कोयंबटूर से बेंगलुरु जा रही एक फ्लाइट से अचानक धुआं निकलने लगा जिसे देखकर सभी यात्री हैरान

हो गए.यह घटना बुधवार दोपहर की है जब स्पाइसजेट की फ्लाइट कोयम्बटूर से बेंगलुरु के लिए रवाना हुई थी. फ्लाइट हवा में ही थी कि अचानक पैसेंजर एरिया में धुआं उठने लगा जिसे देखकर सभी यात्री परेशान हो गए. हालांकि किसी प्रकार के नुकसान की कोई खबर नहीं है. घटना के बाद फ्लाइट की सफलतापूर्वक लैंडिंग करा दी गई लेकिन अभी तक धुआं उठने का कारणों का पता नहीं चल पाया है. फिलहाल इसके कारणों का पता लगाया जा रहा है स्पाइसजेट ने मांगी माफी कंपनी ने बयान जारी कर इस घटना पर यात्रियों से माफी मांगते हए कहा कि बेंगलूरू में उतरते समय चालक दल के सदस्यों ने फ्रंट कैबिन में हल्का धुआं देखा. लेकिन न तो पायलटों ने आपातकालीन स्थिति में उतरने की मांग की और न इसकी कोई जरूरत महसूस हुई. सभी यात्रियों को सुरक्षा के साथ उतार दिया गया।

इस बड़ी वजह के लिए मोदी से मिलने पहुंचीं प्रियंका चोपड़ा

हॉलीवुड में धमाल मचा चुकीं एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा इन दिनों इंडिया में हैं. बुधवार को प्रियंका चोपड़ा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलीं। प्रियंका ने पीएम मोदी को एक हाल ही में होने वाले कॉन्फ्रेंस के लिए निमंत्रण दिया। यह कॉन्फ्रेंस मांओं, नवजातों और शिशुओं के स्वास्थ्य से संबंधित है। इस मुलाकात में प्रियंका के साथ स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और चिली की पूर्व प्रधानमंत्री मिशेल बेकलेट भी थीं। यह कॉन्फ्रेंस इसी साल दिसंबर में दिल्ली में ओयाजित होने जा रही है। प्रियंका चोपड़ा ने पीएम मोदी के साथ अपना एक फोटो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। प्रियंका इस मुलाकात के दौरान सफेद रंग का खूबसूरत सूट पहने नजर आईं। अपना पोस्ट शेयर करते हुए प्रियंका ने पीएम मोदी के प्रति अपना आभार जताया। प्रियंका चोपड़ा ने अपने पोस्ट में लिखा, 'मैं भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की आभारी हूं जिन्होंने मुझसे, श्री जेपी नड्डा और श्रीमति मिशेल बेशलेट से, इसी साल दिसंबर में दिल्ली में होने वाली पार्टनर्स फॉरम से संबंधित विषय पर मुलाकात की। हालारा लक्ष्य काफी अहम था- महिलाओं, शिशुओं और नवजातों को गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सुविधाएं दी जा सकें, ताकि हम 2030 तक निर्धारित किए गए विकास लक्ष्यों तक पहुंचा जा सके।'बता दें कि प्रियंका चोपड़ा यूनिसेफ की गुडविल एंबेस्डर हैं। अपने पोस्ट में प्रियंका ने आगे लिखा, 'इस साल भारत 92 देशों से आने वाले 1200 से ज्यादा प्रतिनिधियों के साथ अब तक का सबसे बड़ा 'पार्टनर्स फॉरम' आयोजित करने जा रहा है। हमारी यह मुलाकात काफी सकारात्मक और बढ़ावा देने वाली रही क्योंकि यहां मौजूद सभी का एक ही लक्ष्य था।'बता दें कि प्रियंका जल्द ही अमेरिकल टीवी सीरीज 'क्वांटिको' के तीसरे सीजन में टीवी पर नजर आने वाली हैं। इसके साथ ही वह जल्द ही बॉलीवुड की फिल्मों पर भी काम शुरू करने वाली हैं

सीरिया के मसले पर ब्रिटेन में होगी आज अहम बैठक

ब्रिटिश प्रधानमंत्री थेरेसा मे ने अमेरिकी की अगुवाई में सीरिया में किसी भी तरह के सैन्य विकल्प पर विचार विमर्श करने के लिए आज अपने मंत्रिमंडल के सहयोगियों की बैठक बुलाई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इससे पहले बुधवार को रूस को चेतावनी भरे लहजे में कहा था कि सीरिया के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है और सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल असद का साथ देने के लिए रूस की निंदा भी की थी। बीबीसी के मुताबिक इस बैठक में सुश्री मे सीरिया के खिलाफ सैन्य कार्रवाई को मंजूरी दे सकती हैं और इसमें उन्हें संसद की अनुमति की आवश्यकता भी नहीं है। समाचार पत्र 'द टेलीग्राफ' के अनुसार थेरेसा मे ने ब्रिटिश पनडुब्बियों को सीरिया सीमा के निकट जाने के आदेश दिए हैं ताकि सीरिया सेना के खिलाफ हमलों को अंजाम दिया जा सके। स्काई न्यूज ने बताया कि आज होने वाली बैठक में प्रधानमंत्री अपने मंत्रियों को सीरिया के खिलाफ कार्रवाई में शामिल होने के प्रस्ताव को मंजूरी देने के लिए कह सकती हैं और इस कार्रवाई के लिए उन्हें संसद में किसी कानून के तहत मंजूरी की आवश्यकता नहीं है। इससे पहले उनके पूर्ववर्ती डेविड कैमरून 2013 में सीरिया के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के लिए सांसदों का समर्थन हासिल करने में नाकाम रहे थे। संसद में विपक्षी दल लेबर पार्टी के नेता जर्मे कारबिन ने कल बयान दिया था कि वह सीरिया के खिलाफ जो भी सैन्य कार्रवाई चाहती हैं उसमें संसद की भी राय लेनी चाहिए।

सार्क सम्मेलन में शामिल होने से मोदी का इनकार, भारत दौरे पर आए नेपाल के पीएम ने दिया न्योता

भारत ने दक्षिण एशियाई सहयोग संगठन (सार्क) के सम्मेलन में हिस्सा लेने से इनकार कर दिया है। भारतीय विदेश सचिव विजय गोखले ने बताया कि नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सार्क सम्मेलन में भारत के शामिल होने पर बातचीत की। इस दौरान मोदी ने कहा कि पाकिस्तान लगातार भारत के खिलाफ सीमापार आतंकवाद को ब?ावा दे रहा है। मौजूदा

हालात में भारत सार्क में शामिल नहीं होगा। बता दें कि नेपाल के प्रधानमंत्री बनने के बाद ओली अपने पहले दौरे पर भारत आए हैं। तीन दिन के दौरे के दूसरे दिन शनिवार को दोनों नेताओं ने भारत और नेपाल के बीच रक्षा, व्यापार और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर सहयोग बढ़ाने पर बल दिया। भारत और काठमांडू के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाने पर भी समहति जताई गई है।

2014 में काठमांडू में हुआ था सार्क सम्मेलन सार्क सम्मेलन 2014 नेपाल की मेजबानी में काठमांडू में हुआ था। इसमें प्रधानमंत्री मोदी शामिल हुए थे। सार्क देश श्रीलंका, मालदीव और नेपाल चाहते हैं कि इस्लामाबाद में सार्क सम्मेलन हो, हालांकि भारत इसके विरोध में है। बता दें कि 19वां सार्क सम्मेलन 2016 में इस्लामाबाद में होना था, लेकिन जम्मू-कश्मीर के उड़ी सेक्टर में पाकिस्तानी आतंकियों के हमले के बाद भारत ने इसका बहिष्कार कर दिया था। इसके बाद सम्मेलन रद्द कर दिया गया था।भारत-काठमांडू के बीच रेल लाइन जल्द ओली के साथ साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच सहयोग से नेपाल के लोकतंत्र को बढ़ने का मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि भारत और नेपाल को जोड़ने के लिए दोनों देशों के बीच काठमांडू तक रेल लाइन बनाने पर सहमति बन गई है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और नेपाल के बीच मजबूत रक्षा और सुरक्षा संबंध हैं। हम साथ में अपनी खुली सीमाओं के गलत इस्तेमाल पर रोक लगाएंगे। रिश्तों को नई ऊंचाई देने आया हूं- ओली नेपाली पीएम ने कहा, ÷हम दोनों पड़ोसी देशों के बीच भरोसेमंद रिश्ते को आगे बढ़ाना चाहते हैं। इसीलिए भारत आया हूं ताकि द्विपक्षीय रिश्तों को 21वीं सदी की हकीकतों के हिसाब से नई ऊंचाइयों तक ले जाया जा सके।%% वन बेल्ट वन रोड पर नेपाल का रवैया तटस्थ ओली से चीन की वन बेल्ट वन रोड परियोजन को लेकर सवाल पूछे गए। इस पर उन्होंने कहा, ÷नेपाल चीन और भारत के बीच में हैं। दोनों ही देशों से हमारे अच्छे रिश्ते हैं। दोनों ही देश हमसे ज्यादा विकसित हैं। क्षेत्र और जनसंख्या के मामले भी काफी बड़े हैं। इसलिए हम दोनों के साथ चलने का मौका चाहते हैं। जहां तक वन बेल्ट वन रोड की बात है तो इस योजना को लेकर हमारा रवैया तटस्थ है। 2014 से बंद है बिहार-नेपाल रेल लिंक भारत और नेपाल के बीच ओपन बॉर्डर पॉलिसी है, यानी दोनों देशों की सीमाओं पर पासपोर्ट की जरूरत नहीं पड़ती। भारत से नेपाल जाने के लिए कई बस सेवाएं पहले से मौजूद हैं। हालांकि, नेपाल के जनकपुर से बिहार के जयनगर को जोड़ने वाली रेल लाइन 2014 के बाद से ही बंद पड़ी है। इसे 2018 तक एक बार फिर शुरू करने की कोशिशें की जा रही हैं।

पुलवामा पुलिस स्टेशन पर आतंकियों का ग्रेनेड से हमला

श्रीनगर,(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में एक बार फिर पुलिस स्टेशन को आतंकियों ने अपना निशाना बनाया. आतंकियों ने पुलवामा में पुलिस स्टेशन पर ग्रेनेड से हमला कर दिया. इस घटना में एक पुलिस जवान गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल पुलिसकर्मी को निकट के अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है. जानकारी के मुताबिक कश्मीर के पुलवामा में हालात सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं. आतंकी आए दिन पुलिस स्टेशन को अपना निशाना बना रहे हैं. गुरुवार को भी आतंकियों ने पुलवामा में पुलिस स्टेशन को अपना निशाना बनाया और ग्रेनेड से हमला कर दिया. इस घटना में एक पुलिसकर्मी को गंभीर चोट आई. पुलिसकर्मी को निकट के अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है. सुरक्षा बलों ने सर्च ऑपरेशन तेजकर दिया है और आतंकियों की तलाश जारी है।

गर्भवती गायिका गाने के लिए खड़ी नहीं हो सकी तो गोली से उड़ाया

पाकिस्तान में महिलाओं के खिलाफ हो रहे क्रूरतम अपराधों में अब एक और जुड़ गया है। जहां एक गर्भवती गायिका गाने के लिए खड़ी नहीं हो सकी, तो गोली मारकर उसकी हत्याकर दी गई। गायिका की हत्या के दो दिन बाद इस पूरे वाकये का विडियो सामने आया है।24 वर्षीय समीना समून, जिन्हें समीना सिंधु के नाम से भी जाना जाता है, कांगा गांव में एक इवेंट में गाने पहुंची थीं। इस कार्यक्रम के दौरान तारीक अहमद जतोई नाम के शख्स ने समीना को गाने के लिए उठने को कहा। समीना ने कथित तौर पर उठने से मना कर दिया क्योंकि वह गर्भवती थीं। लेकिन समीना का इनकार जतोई को नागवार गुजरा, जो कथित तौर पर नशे में धुत था।

कतर से संपर्क खत्म करने के लिए सीमा पर 200 फीट चौड़ी नहर बनाएगा सऊदी, उसमें परमाणु कचरा भी फेंकेगा

रियाद. सऊदी अरब और कतर का विवाद लगातार गहराता जा रहा है। कतर को अलग-थलग करने के लिए सऊदी उसके साथ जमीनी संपर्क ही खत्म कर देना चाहता है। इसके लिए वो कतर से लगी सीमा पर नहर खोदने की योजना तैयार कर रहा है, जिससे कतर पूरी तरह एक टापू में तब्दील हो जाएगा। इस नहर में सऊदी अपना परमाणु कचरा भी फेंकेगा। सऊदी के ही अल रियाद और सब्क न्यूजपेपर के मुताबिक, शासन सीमा के एक हिस्से पर मिलिट्री बेस भी बनाना चाहता है। हालांकि, अभी इस योजना को शासन की आधिकारिक मंजूरी नहीं मिली है और इसमें कई रूकावटें भी सामने आ रही हैं।

योजना पर अड़ंगा लगा सकता है अमेरिका दरअसल, कतर और सऊदी अरब दोनों के अमेरिका से काफी अच्छे संबंध हैं। जहां कतर में अमेरिका का सबसे बड़ा सैन्य अड्डा है, वहीं रक्षा क्षेत्र में अमेरिका सऊदी अरब का सबसे बड़ा सहयोगी है। वहीं, अब कतर के शेख तमीम बिन हमाद अल थानी भी ट्रम्प से मिलने

वॉशिंगटन गए है। सोमवार को उन्होंने रक्षा मंत्री जेम्स मैटिस से भी मुलाकात की है। माना जा रहा है कि वे खाड़ी देशों से विवाद सुलझाने पर भी बात कर सकते हैं। ऐसे में सऊदी अरब के लिए ये प्रस्ताव लाना मुश्किल हो सकता है।5 हजार करोड़ 12 महीने में तैयार होगी नहर सोमवार को सऊदी के सब्क अखबार में छपी रिपोर्ट के मुताबिक, कतर के साथ लगी पूरी सीमा पर नहर बनाने में करीब 2.8 बिलियन रीयाल (करीब 5 हजार करोड़ रूपए) का खर्च आ सकता है। सऊदी साम्राज्य नहर को 200 मीटर चौड़ा और 20 मीटर तक गहरा बनाने की योजना बना रहा है। वहीं एक पुरानी रिपोर्ट में सब्क ने दावा किया था कि सऊदी के प्रस्ताव से कतर एक टापू में तब्दील हो जाएगा। इसे पूरा करने में सिर्फ 12 महीने लगेंगे और इसे सऊदी और अमीरात के निवेशक मिलकर फंड करेंगे। इसे मिस्त्र की कंपनी बनाएगी।

जब अपना ही डाटा सेफ नहीं रख पाया फेसबुक का मालिक, बाकी का हाल क्या होगा

वॉशिंगटन. करीब 9 करोड़ फेसबुक यूजर्स की पर्सनल जानकारी लीक हो गई। पूरी दुनिया में इस बात को लेकर हंगामा मचा हुआ है। लेकिन आप जानकार हैरान रह जाएंगे कि इन नौ करोड़ लोगों में फेसबुक को बनाने वाले और कंपनी के ष्टश्वह्र मार्क जकरबर्ग भी शामिल हैं। जी हां, सही पढ़ा आपने। फेसबुक अपने ष्टश्वह्र की पर्सनल जानकारी भी सेफ नहीं रख पाया।

ये खुलासा खुद मार्क जकरबर्ग ने किया है। मार्क ने ये खुलासा अमेरिकी कांग्रेस के सामने किए हैं। मार्क ने बताया कि कैंब्रिज एनलिटिका से शेयर किए गए डेटा में उनका अपना पर्सनल डेटा भी शामिल था।अमेरिकी कांग्रेस के सामने क्यों पेश हुए जकरबर्गपिछले दो दिनों से जकरबर्ग अमेरिकी कांग्रेस के सामने पेश हो रहे हैं। वजह ये है कि फेसबुक पर यूजर्स के पर्सनल डेटा गलत तरीके से थर्ड पार्टी को देने का आरोप है। दरअसल साल 2013 में केंब्रिज यूनिवर्सिटी के रीसर्चर एलेकेजेंडर कोगन ने एक पर्सनॉलिटी क्विज ऐप बनाया। जिसके जरिए फेसबुक यूजर्स से उनकी पर्सनॉलिटी से जुड़े कई सवाल पूछे गए। ऐसा करते-करते कोगन के पास करोड़ों यूजर्स की पर्सनल जानकारी आ गई।

इसरो ने लॉन्च किया नेविगेशन सैटेलाइट आईआरएनएसएस-1आई

भारतीय सेना की ऐसे करेगा मदद

नठंदिल्ली ,(आरएनएस)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गुरुवार को अपना नेविगेशन सैटेलाइट (आईआरएनएसएस-1आई) सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया.

सैटेलाइट को पीएसएलवी-सी41 रॉकेट के जरिये आंध्र के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन स्पेस सेंटर से सुबह गुरुवार सुबह 4.04 बजे लॉन्च किया गया. कम्युनिकेशन सैटेलाइट जीसैट-6ए की नाकामी के बाद इसरो ने ये सैटेलाइट की लॉन्चिंग की है आईआरएनएसएस-1आई मेक इन इंडिया प्रोजेक्ट के तहत स्वदेशी तकनीक से निर्मित नेविगेशन सैटेलाइट है ।आईआरएनएसएस-1आई आईआरएनएसएस-1 सीरीज के आईआरएनएसएस-1एच सैटेलाइट की जगह लेगा. इस सैटेलाइट की लॉन्चिंग पिछले साल 31 अगस्त को फेल रही थी. ये सैटेलाइट भारतीय नेविगेशन मैप सिस्टम की ताकत बढ़ाएगा नाविक के तहत भारत ने 8 सैटेलाइट लॉन्च किए हैं. इसमें आईआरएनएसएस-1एच को छोड़कर बाकी सभी सफल रहे इस सैटेलाइट की मदद से नक्शा बनाने, समय के सटीक आंकलन, नेविगेशन और समुद्री नेविगेशन में मदद मिलेगी

कोई लगातार मेरे खिलाफ अभियान चला रहा है

जब सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान जस्टिस चेलमेश्वर बोले

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जे चेलमेश्वर ने विभिन्न पीठों को मामले आवंटित करने पर दिशा-निर्देश तय किए जाने की पूर्व कानून मंत्री की अपील को सूचीबद्ध करने का आदेश देने में गुरुवार असमर्थता जताई. उन्होंने कहा कि कोई लगातार मेरे खिलाफ अभियान चला रहा है जैसे मानो मुझे कुछ हासिल करना है।

मैं शांति भूषण की याचिका पर सुनवाई नहीं करना चाहूंगा- जस्टिस चेलमेश्वर

उच्चतम न्यायालय के न्यायमूर्ति जे चेलमेश्वर ने कहा कि, मैं शांति भूषण की याचिका पर सुनवाई नहीं करना चाहूंगा, इसके कारण एकदम स्पष्ट हैं। कोई लगातार मेरे खिलाफ अभियान चला रहा है, जैसे मानो मुझे कुछ हासिल करना है।देश अपना रास्ता खुद तय करेगा- न्यायमूर्ति चेलमेश्वर न्यायमूर्ति चेलमेश्वर ने कहा कि वह नहीं चाहते कि अगले 24 घंटे में उनके आदेश को फिर से पलटा जाए। यह देश अपना रास्ता खुद तय करेगा, लेकिन मैं इस जनहित याचिका की सुनवाई नहीं कर सकता, इसके लिए मैं खेद व्यक्त करता हूं। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश ने यह टिप्पणी तब की जब वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण के यह कहने पर कि उनके पिता शांति भूषण की जनहित याचिका सूचीबद्ध नहीं की गई। न्यायमूर्ति चेलमेश्वर द्वारा इस मामले को सूचीबद्ध करने से इनकार करने के बाद प्रशांत भूषण ने अपनी याचिका का उल्लेख प्रधान न्यायाधीश के समक्ष किया। जस्टिस जोसेफ कुरियन ने चीफ जस्टिस को लिखा पत्र उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम द्वारा एक जज और एक वरिष्ठ वकील को सुप्रीम कोर्ट में नियुक्त किए जाने संबंधी सिफारिशों की फाइल पर पर सरकार अप्रत्याशित रूप से चुप्पी साधे है। ऐसे में यदि इसका जवाब नहीं दिया गया तो सुप्रीम कोर्ट का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। इस आशय का खत सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जोसेफ कुरियन ने बुधवार को चीफ जस्टिस दीपक मिश्रा को लिखा है। जस्टिस कुरियन ने चीफ जस्टिस से मामले का स्वतःसंज्ञान लेने की अपील की दरअसल, कॉलेजियम ने वरिष्ठ वकील इंदु मल्होत्रा और उत्तराखंड के चीफ जस्टिस केएम जोसेफ को सुप्रीम कोर्ट में नियुक्त करने की सिफारिश की है। इसी संदर्भ में जस्टिस जोसेफ कुरियन ने चीफ जस्टिस से सख्त शब्दों में अपील करते हुए कहा, इस कोर्ट के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि तीन महीने बीत जाने के बावजूद की गई सिफारिशों का क्या हुआ, इस बारे में कोई जानकारी नहीं है।

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन "हैडलबर्ग" से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

C M Y K